नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर

सोमवार को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय में कार्यरत वरिष्ठ अधिकारियों और प्राध्यापकों की बैठक ली, जिसमें मध्यप्रदेश के महामहिम राज्यपाल द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसरण हेतु चर्चा की गई, ताकि विश्वविद्यालय शिक्षण, शोध तथा विस्तार योजनाओं पर क्रियाशील रहकर प्रदेश के चहुंमुखी विकास में अपनी अग्रणीय भूमिका का निर्वहन कर सके। चर्चा के दौरान सफाई अभियान तथा पॉलीथिन मुक्त कैंपस बनाने पर जोर दिया गया। महामहिम के मार्गदर्शन अनुसार महीने में 01 दिन महिला छात्रावास में अधिष्ठाता विटनरी महाविद्यालय के निर्देशन में भोजन बनायेंगी और छात्रावास की साफ–सफाई में भी योगदान करेंगी, ताकि वे भी स्वच्छ भारत अभियान का हिस्सा बन सकें। इसके अलावा विश्वविद्यालय परिसर के अंदर दुपहिया एवं चार पहिया वाहनों की व्यवस्थित पार्किंग, सड़क के दोनों तरफ वृक्षारोपण, ऑनलाईन परीक्षा मूल्यांकन, अनुसंधान कार्यों तथा शोध पत्रों के प्रकाशन में गुणवत्ता, ई–टेंडर के माध्यम से आवश्यक उपकरणों की खरीदी तथा सिविल वर्क, परिसर के अंदर संभावित दुर्घटनाओं को रोकने हेतु स्पीड ब्रेकर्स के निर्माण, महिला छात्रावास में गेट पर सी.सी.टी.व्ही. केमरा लगाने के अलावा विश्वविद्यालय के ग्रंथालय में दुनिया के सर्वोत्तम शोध जनरल्स तथा पुस्तकें उपलब्ध करान हेतु प्लेग्रिज्म सॉफटवेयर की उपलब्धता पर भो चर्चा की गई। इसी तारतम्य में डॉ. मधु स्वामी को चीफ वार्डन महिला छात्रावास तथा उनके सहयोग के लिए दो और महिला वार्डन को अधिकृत की गई, जबकि पुरूष छात्रवास की कमान डॉ. खरे एवं जाटव को दी गई है। विश्वविद्यालय में कर्मचारी पेंशन योजना के अंतर्गत कार्पस फंड, विटनरी यूनीवर्सिटी बीकानेर की तर्ज पर यहॉ भी एक कार्य योजना बनाये जाने पर सहमति ली गई, ताकि कर्मचारियों को इसका लाभ दिया जा सके। विश्वविद्यालयीन कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए कर्मचारियों को 15 अगस्त क दिन सम्मानित करने की भी चर्चा की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में अतिधष्ठाता संकाय डॉ. एस.एन.एस. परमार, कुलसचिव डॉ. जी.पी. पाण्डेय, विटनरी कॉलेज अधिष्ठाता डॉ. आर.पी.एस. बघेल, संचालक अनुसंधान सेवाऍ डॉ. वाय.पी. साहनी, डॉ. आर. के शर्मा विभागाध्यक्ष फॉर्माकोलॉजी, कार्यपालन यंत्री श्री ए.के. सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर